<u>उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज</u>

"गुरूकुल से छात्रकुल", "छात्र जहाँ हम वहाँ" इस महत्वपूर्ण उद्देश्य से स्थापित उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,फाफामऊ,प्रयागराज में स्थित एक ऐसा विश्वविद्यालय है जिसमें दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से छात्र/छात्राओं को शिक्षित, क्षमतापूर्ण और कौशलशील,उन्नत बनाने का बीड़ा उठाया हुआ है। जिसके द्वारा वह उन छात्र/छात्राओं को जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर सके और जीवन के भौतिकवादी युग के शिकार हो गये और अब पढ़ाई पूर्ण करना चाहते है को एक अवसर प्रदान करता है। जिसके परिणाम स्वरूप उसके अध्ययन केन्द्र विभिन्न जनपदों में स्थापित है और छात्र/छात्राओं को उनके जनपद और शहर में वह सुविधा और अवसर प्रदान कर रहे है। हमारे महाविद्यालय में भी इसका एक अध्ययन केन्द्र इसी उद्देश्य की पूर्ति 2009 से कर रहा है। **"शिक्षा शिक्षार्थी के द्वारा तक सबको शिक्षा सबको ज्ञान"** का उद्देश्य पूर्ण लक्ष्य हासिल कर रहा है।

विश्वविद्यालय **"जब भी चाहे प्रवेश पाए,घर बैठे अध्ययन सामग्री पायें"** के लिए कटिबद्ध है और इसके तहत **"Round the Year"** पूरे वर्ष दो सत्र में प्रवेश प्रक्रिया संचालित होती है। 16 फरवरी से 15 सितम्बर तक जुलाई सत्र एवं 16 सितम्बर से 15 फरवरी तक जनवरी सत्र। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत हमारे अध्ययन केन्द्र में अध्ययन केन्द्र में 2017–18 में जुलाई सत्र में बी0ए0 में 30, एम0ए0 में 20 एवं अन्य व्यवसायिक डिग्री,डिप्लोमा,प्रमाणपत्र कोर्स में 15 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। जनवरी 2018 में बी0ए0 में 15,एम0ए0 में 08 अन्य व्यवसायिक डिग्री,डिप्लोमा, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में 08 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया और अपना पाठ्यक्रम पूरा कर अपना शैक्षिक प्रोफाइल को मजबूत और व्यवसाय परक बनाया। इन डिग्री,डिप्लोमा,प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में मुख्य रूप से B.A ,B.Sc (Bio& Maths group), CCSS(B.A&B.Sc), B.A(Tourism), BLIS, DHEN, DTS, PGDJMC, PGDJRMC, MJ, PGDCWH, PGDFH, PGDEM& FPDTS, DCDN, DFD, B.Com, M.A (Hindi, English, History, Economics, Sociology, Sanskrit, Socialwork, Homescience, Yoga ,M.Sc (Food&Nutrition), PGDYO, DYO, CYO आदि पाठ्यक्रम शामिल है।

"क्लीन कैम्पस,ग्रीन कैम्पस" उद्देश्य की पूर्ति हेतु सत्र 2017–18 से विश्वविद्यालय ऑन लाइन प्रवेश प्रक्रिया को प्रयोगकर रहा है और अध्ययन केन्द्र लॉगिन के माध्यम से सूचनाओं का प्रेषण कर less paper system का अनुसरण कर रहा है। जिस क्रम में अधिन्यास अंक शीघ्र और सुगमता पूर्वक प्रेषित करने हेतु अधिन्यास अंक का प्रेषण भी ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से सुगमता पूर्वक हो रहा है और विश्वविद्यालय द्वारा अपने सभी पाठ्यक्रम को सेमेस्टर प्रणाली के द्वारा CBCS पद्धति के अनुपालन संचालित किया जा रहा है जिससे शिक्षा के स्तर में तेजी से उन्नति एवं सर्वान्गीण विकास का उन्नयन दिखाई दे रहा है। जिसका प्रभाव अध्ययन केन्द्र के पंजीकृत छात्र/छात्राओं में संख्या वृद्धि के रूप में दिखाई दे रहा है। फलस्वरूप सत्र 2018–19 में कुल पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या

09 एवं सत्र 2019–20 में कोविड–19 के दुश्परिणाम के कारण छात्र संख्या में कमी हुई जिसका मुख्य कारण सामाजिक,आर्थिक और स्वस्थ परक परिस्थितियां रही और पुनः समाज में स्थिरता के प्रभाव से छात्र संख्या में वृद्धि उत्तरोतर अग्रसर है और सत्र 2022–23 में 100 छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत कर अपने शैक्षिक प्रोफाइल को मजबूत करने की दिशा में रूझान प्रस्तुत किया है। जो कि निश्चित ही राष्ट्र निर्माण में एक उन्नत शिक्षित और कौशलपूर्ण नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य पूर्ण निष्ठा से पूर्ण करेंगे।

अध्ययन केन्द्र संचालन में सहायक महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का विवरण–

अध्ययन केन्द्र कोड़– S 528
अध्ययन केन्द्र समन्वयक– दीप्ति सोनकर
तृतीय श्रेणी कर्मचारी– श्रीमती वन्दना सिंह
चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी– श्री कृष्ण कुमार